दिनांक : 07.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनियाभर में जगाई नई आशा की लहर।
- प्रधानमंत्री जनऔषधि दिवस आज। सप्ताहभर देश में आयोजित होंगे कार्यक्रम।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- कल होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए प्रदेश में तैयारियां जारी।

प्रधानमंत्री-निजी टेलीविज़न कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनिया भर में आशा की नई लहर जगाई है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया इसे भारत का युग कह रही है। नई दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत आज वैश्विक विकास को गति दे रहा है और विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक, दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में शीर्ष पांच देशों में शामिल है।

प्रधानमंत्री जन औषधि दिवस

आज जन औषधि दिवस है। इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का उद्देश्य सभी को सस्ते मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने इस पहल का समर्थन करने के लिए पूरे देश में सप्ताह भर की गतिविधियाँ आयोजित की हैं।

प्रधानमंत्री - गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश दादरा तथा नगर हवेली और दमण-दीव की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे। प्रधानमंत्री आज दादरा और नगर हवेली के सिलवासा में दो हजार पांच सौ 87 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी सिलवासा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सूरत में प्रधानमंत्री सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ करेंगे। सूरत में लगभग दो लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत लाभ मिलेगा। श्री मोदी नवसारी में कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, 'लखपति दीदी सम्मेलन' में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री पच्चीस हजार से अधिक स्व-सहायता समूहों की ढाई लाख महिलाओं को 450 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान करेंगे।

बैतुल हादसा

बैतुल जिले के पाथाखेड़ा स्थित वेस्टर्न फील्ड कोल लिमिटेड की एक कोयला खदान की कल छत ढहने से तीन कर्मचारियों की दबने से मौत हो गई है। मृतकों के शव कल शाम को बाहर निकाले गए। सारनी एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि छतरपुर 1 अंडरग्राऊंड माइन में यह हादसा हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए संबंधित कंपनी एवं जिला प्रशासन को सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया है. मृतक कर्मचारियों के परिजनों को नियमानुसार आर्थिक राशि स्वीकृत करने को कहा गया है।

वित्त आयोग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्यों के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र का सशक्तिकरण है, इसलिए केन्द्रीय करों और राजस्व प्राप्तियों में राज्यों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाना चाहिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल भोपाल में 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक प्रगतिशील राज्य है। उन्होंने कहा कि अभी बजट करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए है। अगले पांच सालों में इसे बढ़ाकर दोगुना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगले तीन सालों में 30 लाख किसानों को सोलर पम्प दिये जायेंगे।

वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगढ़िया ने कहा कि बड़े राज्यों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उपलब्धियों के साथ औदयोगिक प्रगति भी जरूरी है। बैठक में प्रदेश मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। खंडवा में जिला स्तरीय महिला उन्मुखीकरण एवं सशक्तीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें निर्वाचित महिला - जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच सहित करीब 400 महिला सम्मिलित होंगी। खंडवा जिले की प्रभारी नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे ने बताया।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस-आकाशवाणी भोपाल

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आकाशवाणी भोपाल में आज महिलाओं के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर कार्यालय की सभी महिलाओं का सम्मान करेंगी। श्रीमती गौर एक वाकेथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। जो बोट क्लब पर समाप्त होगी। इसके पहले कल आकाशवाणी मध्यप्रदेश और यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज की ऐसी महिलाओं को आमंत्रित किया गया जिन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता हासिल की और समाज के सामने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। इन कहानियों को आकाशवाणी द्वारा प्रसारण किया जायेगा और साथ है रेडियो चैनलों और उपस्थित सभी लोगों के सोशल मीडिया चैनलों पर साझा किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत

प्रदेश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल किया जा रहा है। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौतो से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री  प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे अदालत में समझौता करने के लिए आगे आए। लोक अदालत के लिए प्रदेश में व्यापक तैयारियां की जा रही है। झाबुआ कल प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विधि सक्सेना ने नगर पालिका, बैंक, विद्युत विभाग के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर न्यायालय परिसर झाबुआ से रवाना किया गया।  वहीं पन्ना में लोक अदालत के लिए कुल 12 खण्डपीठ का गठन किया गया है। विदिशा जिले में कल आयोजित होने वाली   इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत में 11 हजार केस आपसी समझौते के माध्यम से सुलझाए जायेगे।

ओंकारेश्वर विकास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आदि शंकराचार्य ने बाल्यकाल में प्रदेश के ओंकारेश्वर में आकर निवास किया। आदि शंकराचार्य की विशाल प्रतिमा ओंकारेश्वर में स्थापित है। इस स्थल सहित सम्पूर्ण ओंकारेश्वर के समग्र विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य सम्पन्न किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कल समत्व भवन में एक बैठक में एकात्म धाम, ओंकारेश्वर के विकास के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने  कहा कि एकात्म धाम ओंकारेश्वर में शिव पंचायतन मंदिर परिसर का विकास महाकाल लोक की तरह किया जाए।

क्रिकेट-महिला प्रीमियर लीग

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में कल मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्स को 6 विकेट से हरा दिया। इस हार के साथ, यूपी वॉरियर्स की प्ले-ऑफ में पहुंचन की संभावना लगभग समाप्त हो गई है।

प्रतियोगिता में आज लखनऊ में ही गुजरात जायंट्स का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग आज हैदराबाद में आयोजित होने जा रहे दो दिवसीय चिंतन शिविर में शामिल होंगे। श्री सारंग मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा किये जा रहे श्रेष्ठ प्रयासों, नवाचारों एवं उपलब्धियों की जानकारी राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे।
- जबलपुर हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी व्यक्ति को जमानत मिली है और उसके बाद फिर से कोई अपराधिक मामला दर्ज होता है, तो जमानत रद्द की जा सकती है। यह फैसला मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सुनाया।
- पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित "क्वींस ऑन द व्हील 2.0" के तीसरे दिन देशभर से आई 25 महिला बाइक सवारों ने कल ग्वालियर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन किया।

- डिंडोरी कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता एवं शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम की उपस्थिति में कल डीएलसीसी की बैठक आयोजित हुई।
- मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 16 जिलों में बिजली के बिल भुगतान केन्द्र मार्च महीने में सभी अवकाश दिवसों पर भी खुले रहेंगे।

-------